## संक्षिप्त समाचार

### जेजेपी ने तेज की लोकसभा चुनाव की तैयारी, 13 को हिसार लोकसभा की रैली

**लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी ने बनाई 5 समितियां, 35 वरिष्ठ नेता शामिल**



**चंडीगढ़ :** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जेजेपी 13 मार्च को हिसार लोकसभा में नव संकल्प रैली करेगी। इस रैली में हिसार लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे। जेजेपी की यह सातवीं लोकसभा रैली होगी। इससे पहले जेजेपी सोनीपत, फरीदाबाद, भिवानी-महेंद्रगढ़, सिरसा, कुरुक्षेत्र, करनाल लोकसभा में रैलियां कर चुकी है। साथ ही जेजेपी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए पांच समितियों पॉलिटिकल अफेयर्स, कोऑर्डिनेशन, कैम्पेनिंग मैनेजमेंट, स्क्रीनिंग और प्रचार कमेटी का गठन किया हैं, इनमें 35 वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। जेजेपी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, वरिष्ठ नेता अनंत राम तंवर, डॉ. केसी बांगड़, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, विधायक अमरजीत ढांडा, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील, रीटा सिंह, सुरेश मित्तल, कुसुम शेरवाल, राजकुमार सैनी और बच्चन सिंह गुर्जर शामिल हैं। जेजेपी कोऑर्डिनेशन कमेटी में दुष्यंत चौटाला, डॉ. केसी बांगड़, राज्य मंत्री अनूप धानक, बृज शर्मा, कमलेश सैनी और रामनिवास यादव को नियुक्त किया हैं। कैम्पेनिंग मैनेजमेंट कमेटी में डॉ. केसी बांगड़, रणधीर सिंह, शीला भ्याण, राहुल गौड़, दीपकमल सहारण और रविंद्र सांगवान होंगे। इसी तरह स्क्रीनिंग कमेटी की जिम्मेदारी स. निशान सिंह, विधायक नैना सिंह चौटाला, फूलवती देवी, बलवान सुहाग, मोहसिन चौधरी, चेयरमैन पवन खरखौदा, शेर सिंह खर्ब और सुनील चौधरी को सौंपी गई है। वहीं प्रचार कमेटी में दलबीर धनखड़, मुकेश सेठी, डॉ. अजित सिंह, डॉ. किरण पूनिया, डॉ. वीरेंद्र संधु और शैलजा भाटिया होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिए जाने वाले पुरस्कारों को लेकर हुई बैठक



**चंडीगढ़ :** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हरियाणवी प्रतिभाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों को लेकर गठित कमेटी की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 'श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार' हासिल करने वाली महिला को 5 लाख रुपये की राशि, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार की तरफ से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा, सांस्कृतिक, गायन, कला, चिकित्सा, समाज कल्याण, जागृति जागरण, सशक्तिकरण, खेल, पर्वतारोहण समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। बैठक में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, विभाग की निदेशक मोनिका मलिक समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### किरण चौधरी ने खेतों में पहुंचकर लिया खराब फसल का जायजा



**चंडीगढ़ :** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने हलके के गांवों में बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का खेतों में पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि खराब फसल की स्पेशल गिरदावरी कराने और मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस पूरजोर आवाज उठाएगी। बेमौसमी बारिश और ओलवृष्टि से गेहूं, सरसों, चना, जौ समेत अन्य कई फसलों को नुकसान पहुंचा है। किरण चौधरी ने कहा कि ओलावृष्टि से दक्षिणी हरियाणा में सरसों की फसल को 90 फीसदी नुकसान पहुंचा है, जबकि अन्य जिलों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को 80 फीसदी नुकसान हुआ है। उनकी मांग है कि सरकार ओलावृष्टि से खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई के लिए 10 दिन के भीतर स्पेशल गिरदावरी कराकर 30 दिन तक प्रति एकड़ 30 हजार रुपये मुआवजा दे। किरण चौधरी ने कहा कि आज अन्नदाता की हालत बहुत चिंताजनक है और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़े मार दवाईयां, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है। आज हालात यह हैं कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं। प्रदेश के किसानों की आमदनी के मुकाबले उनका खर्च कहीं अधिक है। किसानों की आय घाटे में चल रही है और किसानों के हालात बद से बदतर होती जा रहे हैं।

# प्रदेश में चरमराई कानून व्यवस्था, अपराध व भ्रष्टाचार का बढ़ा ग्राफ : कुलदीप बल्यान

## बसपा ने संकल्प यात्रा के जरिये भाजपा और कांग्रेस को दी हिसार लोकसभा में चुनौती

**⊙ प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी के लोस क्षेत्र में यात्रा को मिला जनसमर्थन**



तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़ :** राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव की तैयारियों जुटे हुए हैं, लेकिन बहुजन समाज पार्टी संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा के जरिये आमजन को सरकार की जनविरोधी नीतियों बारे अवगत करा रही है। यही नहीं, बसपा यात्रा के जरिये चुनाव की तैयारियों में जमीन स्तर पर अमलीजामा पहनाने की कवायद में जुटी हुई है। संकल्प यात्रा ने सोमवार को हिसार लोकसभा में प्रवेश किया, जहां पर आमजन ने बसपा केंद्रीय प्रभारी कुलदीप बाल्यान और प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी का फूल-मालाओं के साथ पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

केंद्रीय प्रभारी कुलदीप बाल्यान ने कहा कि संकल्प यात्रा के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। यात्रा में उमड़ रहे जनसैलाब से स्पष्ट हो चुका है कि हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है और बसपा सबसे बड़ा विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से शुरू हुआ संकल्प यात्रा का सिलसिला गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, भिवानी व महेंद्रगढ़ के बाद हिसार पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमा चुकी है। नेताओं की सरेआम हत्या से स्पष्ट हो जाता है कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। महिलाओं पर अत्याचार के साथ लूट, डकैती, हत्या और अपहरण की वारदातों में भी इजाफा हो रहा है। सरकार से किसान, मजदूर, दलित, गरीब और व्यापारी सहित कर्मचारी वर्ग दुखी है। प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों ने प्रदेश की जनता का शोषण किया है। आज राज्य महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार में नंबर एक है। सरकार किसानों, छात्रों, महिलाओं, कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। प्रत्येक वर्ग सरकार की नीतियों के विरोध में सड़कों पर हैं। उन्होंने आमजन को बसपा से जुड़कर राज्य को विकास के रास्ते पर बढ़ने का आह्वान किया।

हिसार लोकसभा में प्रदेशाध्यक्ष राजबीर के गांव सोरखी में भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद काफिला सीसर खरबला की तरफ आगे बढ़ा, जहां पर आमजन ने पूरे उत्साह के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं यात्रा बास, पेटवाड़, नारनौंद, मोठ, लोहारी राघाव, सिसाप, बीड फार्म, सेनीपुरा, सिसाय पुल हांसी, नेहरू कालेज बरवाला रोड, हांसी नई कोर्ट चौक, बस स्टैंड हांसी, डॉ. बीआर अंबेडकर, टोल प्लाजा मय्यड़, खरड़ अलीपुर, नियाणा, मिर्जापुर, मिल गेट रोड हिसार, सबजी मंडी, कैंप चौक, कैमरी, मंगाली, देवा, मुकलान, आजाद नगर व बस स्टैंड से होकर गुजरी, रात्रि पड़ाव गुरु रविदास छात्रावास में हुआ।

उन्होंने कहा कि आज अन्नदाता की हालत बहुत चिंताजनक है और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़े मार दवाइयों, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है। आज हालात यह है कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं। प्रदेश के किसानों की आमदनी के मुकाबले उनका खर्च कहीं अधिक है। किसानों की आय घाटे में चल रही है और किसानों के हालात बद से बदतर होती जा रहे हैं। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी हरियाणा प्रभारी सुमेर जांगड़ा, महासचिव महेंद्र सिंह राजोरिया, संजय चोपड़ा, कृष्ण जमालपुर, प्रदेश सचिव आजाद चोपड़ा, प्रदेश सचिव प्रवीण फतेहपुरी, प्रदीप अंबेडकर व मनोज ग्रोवर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव में राजनीतिक अभियानों और रैलियों में नहीं कर सकेंगे बच्चों का उपयोग : डीसी

**यमुनानगर:** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को हिदायतें व दिशा-निर्देश जारी करते हुए सलाह दी गई है कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें। बच्चों का उपयोग पोस्टर/पम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलब्धियों को बढ़ावा देना गलत है। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की उपस्थिति और जो राजनीतिक दल द्वारा किसी भी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है।

# एचपीडब्ल्यूपीसी बैठक में लगभग 2352 करोड़ से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट व वस्तुओं की खरीद को दी मंजूरी

## विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 74 करोड़ की हुई बचत



तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़।** प्रदेश में विकास कार्यों को तेजी देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में 2352 करोड़ के नए प्रोजैक्टों को मंजूरी दी गई। यही नहीं बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद तकरीबन 74 करोड़ रुपये की बचत हुई है। उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में बैठक में कुल 80 एजेंडे रखे गए और 76 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई, जिनमें से 2352 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से हिसार व करनाल में नए विश्राम गृह के निर्माण को स्वीकृति दी गई तो लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से जिला सिरसा के ऐलनाबाद में अनाज मंडी व लक्कड़ मंडी के विस्तार को भी मंजूरी मिली। बैठक में विशेष तौर पर परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक विशेष तौर पर मौजूद रहे।

बैठक में हिसार व करनाल में नये रेस्ट हाउस, चरखी दादरी लघु सचिवालय में आवासीय भवनों का निर्माण, जिला परिषद रेवाड़ी के भवन का निर्माण, टोहाना में पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस भवन व स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रिंसिपल एडवाइजर अर्बन डेवलपमेंट डी एस ढेसी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, राजस्व तथा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, बिजली निगमों के चेयरमैन पीके दास, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक मोहम्मद शाइन, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बैठक में जिला हिसार के मंगाली में राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण को मंजूरी

बैठक में जिला हिसार के मंगाली में राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण हेतु एजेंडे को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस महाविद्यालय पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, जिला करनाल की नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में नीलोखेड़ी-खारसा-ढांड रोड पर एसवाईएल और एनबीके कनाल पर लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से 2 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### खेल विश्वविद्यालय कुलपति अशोक कुमार ने की राज्यपाल से मुलाकात

तेजयुग न्यूज़



**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन हरियाणा में खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत के नवनियुक्त कुलपति अशोक कुमार सेवानिवृत आईपीएस ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल हरियाणा ने उनकी इस नियुक्ति के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि कुलपति अशोक कुमार इससे पहले उत्तराखंड राज्य में पुलिस महानिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है और अब सेवानिवृत होने के उपरांत कुलपति का पद ग्रहण किया है। उन्होंने राज्यपाल हरियाणा को विवि की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें विश्वविद्यालय एवं खिलाड़ियों के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में अवगत कराया।

**तेलंगाना राज्य बैडमिंटन टीम ने राज्यपाल से की मुलाकात :** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन हरियाणा में तेलंगाना राज्य बैडमिंटन टीम ने शिष्टाचार मुलाकात कर राज्यपाल से आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्राप्त की। यह टीम हैदराबाद से टीम प्रबंधक अफ्जल बेगम के नेतृत्व में चंडीगढ़ में 3 मार्च से 9 मार्च तक चल रहे आल इंडिया सिविल सर्विस बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आई हुई है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल हमारे जीवन का बेहद ही महत्वपूर्ण अंग है। खेल व्यक्ति को अनुशासन एवं आपसी सद्भाव सिखाता है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करता है। हमारे जीवन में स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। राज्यपाल ने कहा कि खेल प्रतियोगिता खिलाड़ियों में राष्ट्रीय एकता की भावना एवं सदभावना का विकास करती है। खेल के दौरान सौहार्द एवं मैत्री का माहौल स्वतः ही तैयार हो जाता है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को अपनी दक्षता और क्षमता सिद्ध करने का अवसर तो मिलेगा ही साथ ही उन्हें एक-दूसरे की भावनाओं, मान्यताओं, रहन-सहन इत्यादि के बारे मे जानकारी भी हासिल हो सकेगी।

### ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का ब्योरा क्षति पूर्ति पोर्टल पर किसान करें अपलोड

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों को आह्वान किया कि हाल ही में प्रदेश में हुई बेमौसमी बरसात और औलावृष्टि के कारण हुए फसली नुकसान की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करें ताकि फसलों के नुकसान का आकलन किया जा सके। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसान अपनी फसलों में हुए नुकसान की जानकारी 15 मार्च तक अपलोड कर सकते हैं। पोर्टल www.ekshatipurti.haryana.gov.in उपलब्ध है, जिस पर किसान अपने फसली नुकसान का ब्यौरा जल्द से जल्द दर्ज करें।

# संकल्प पत्र के लिए आमजन से सुझाव लेगी भाजपा, हर लोकसभा में चलेंगी दो वैन

## भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

तेजयुग न्यूज़





**⊙ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक सुभाष बराला ने पदाधिकारियों से की विस्तार से चर्चा**
**⊙ 5 को विधानसभा स्तर पर भी होगी नारी शक्ति वंदन मैराथन**
**⊙ 6 मार्च को विधानसभाओं में एलईडी लगाकर सुना जाएगा मोदी का उद्बोधन**

**चंडीगढ़ ।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपने आगामी कार्यक्रमों के मेगा प्लान के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने रोहतक के एक होटल में चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों के सामने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। प्रदेश की सभी दसों लोकसभा सीटों को भारी बहुमत से जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने इस बैठक में बताया कि किस तरह से ऐतिहासिक जीत के लिए आगे बढ़ना है।

प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी रखी। प्रबंधन समिति के सह संयोजक असीम गोयल ने संकल्प पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करने के विषय को सबके सामने रखा। सुझावों का संग्रह करने के लिए हर लोकसभा में दो वैन घूमेंगी और वीडियो वैन पर क्यूआर कोड को स्कैन कर लोग अपने सुझाव दे सकेंगे। इस वैन में रखी सुझाव पेटी में भी लोग अपने सुझाव लिखकर दे सकते हैं। सुझाव लेने का काम 15 मार्च तक पूरा करना है।

जहां युवा मोर्चा को नव मतदाताओं सम्मेलन करने के लिए कहा गया है, वहीं महिला मोर्चा को जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन करने के लिए बोला गया है। महिला मोर्चा ने सोमवार को सभी जिलों में नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया भी। मंगलवार को भी विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन आयोजित होगी। जिसमें साइकिल, पैदल और स्कूटी से भी महिलाओं के द्वारा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्रधानमंत्री 6 मार्च को कोलकाता से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत अपना संबोधन रखेंगे, उसे हरियाणा में सभी विधानसभाओं में सुनने के लिए भी भाजपा ने एलईडी लगाने का प्रबंध किया जाएगा। भाजपा का अनुमान है कि प्रदेश की लाखों महिलाएं विधानसभा स्तर पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री जी को सुनेंगी।

एससी मोर्चा को समाज के प्रतिभावान लोगों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का काम दिया गया है। इसी तरह ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा को भी समाज के विभिन्न वर्गों और बस्तियों में जाकर लोगों से संपर्क के विभिन्न कार्यक्रम करने का काम सौंपा गया है ताकि मोदी और मनोहर सरकार द्वारा लागू कल्याणकारी योजनाओं को हरेक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मनोहर होंगे मुख्य मेहमान


प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बताया कि 6 मार्च को करनाल में सुबह साढ़े नौ बजे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर मौजूद रहेंगे। करनाल के नौ विधानसभा की हजारों महिलाएं यहां पहुंचेंगी। साढ़े 11 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री अपना संबोधन रखेंगे, जिसे करनाल में एक स्थान पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हजारों महिलाएं मोदी जी को सुनेंगी, जबकि हरियाणा के 81 विधानसभाओं की लाखों महिलाएं एलईडी स्क्रीन पर मोदी जी को सुनेंगी।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत के बूते जीतेंगे हर बूथ

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का हरेक कार्यकर्ता मोदी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर हर बूथ को जीतेंगे। चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक सुभाष बराला ने कहा कि हर कार्यकर्ता आपस में समन्वय करके अपने दायित्व को निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एक एक कार्यकर्ता उत्साह से भरा है। बैठक में क्लस्टर प्रभारी कृष्ण लाल पंवार, मनीष ग्रोवर, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता आदि नेता मंच पर मौजूद रहे।

# ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 113 परियोजनाओं को मंजूरी

तेजयुग न्यूज़



**चंडीगढ़।** सरकार ने सात जिलों में ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 113 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर 121 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ये परियोजनाएं यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, फरीदाबाद, झज्जर, भिवानी और दादरी में शुरू होंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली उक्त 113 परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। 2 परियोजनाएं महाग्राम योजना के तहत और 108 परियोजनाएं ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा 3 परियोजनाएं सीवरेज और स्वच्छता के तहत स्वीकृत हैं।

महाग्राम योजना के तहत चरखी दादरी और भिवानी में दो परियोजनाओं पर 100.09 करोड़ खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत दो परियोजनाओं में जल आपूर्ति योजना बौंद कलां का विस्तार, पंपिंग और डीआई पाइप लाइनें बिछाकर लोहारू नहर से गांव बौंद कलां, बास, बौंद खुर्द में 4 मौजूदा जल कार्यों के लिए पानी उपलब्ध कराना शामिल है। इस पर 69.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से गांव धनाना, जिला भिवानी में सीवरेज सुविधा और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 33.39 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि यमुनानगर, झज्जर और फरीदाबाद में सीवरेज और स्वच्छता की 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

परियोजनाओं में फरीदाबाद के डिवीजन कार्यालय में 1.49 करोड़ रुपये की लागत से प्रयोगशाला का निर्माण करवाया जाएगा। इसी तरह से यमुनानगर में प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद सहित नई जिला स्तरीय अपशिष्ट जल परीक्षण प्रयोगशाला पर 1.01 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिला झज्जर के बहादुरगढ़ में शहरी और ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग मंल प्रयोगशाला भवन के निर्माण पर 60.41 लाख खर्च किए जाएंगे।

### ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 108 परियोजनाओं को दी मंजूरी

ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत प्रमुख परियोजनाओं में पंचकूला के ब्लॉक बरवाला के गांव खेतपुराली में एक ट्यूबवेल लगवाने पर 17.42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से पंचकूला के बरवाला ब्लाक के गांव नग्गल मोगीनंद में ट्यूबवेल लगवाने पर 17.43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। अंबाला के गांव जैतपुरा में पुरानी क्षतिग्रस्त एसी/पीवीसी पाइप लाइनें की जगह डीआई जल आपूर्ति पाइप लाइनों के बिछाने पर 63.22 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से अंबाला के नारायणगढ़ के गांव कलाल माजरा में पाइप लाइन बिछाने पर 24.98 लाख रुपये और अंबाला के नगावां गांव की कच्ची गलियों में नई जल आपूर्ति पाइप लाइनें पर 21.18 और अंबाला के गांव पुल्लेवाला में पुरानी जल आपूर्ति लाइनों को बदलने पर 24.44 लाख रुपये और यमुनानगर के गांव राजपुर की कच्ची गलियों में नई जल आपूर्ति लाइनें बिछाने पर 23.82 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह, नारायणगढ़ के सुंदरपुर गांव में नई जल आपूर्ति पाइप लाइनें (बिना ढके) बिछाने व सीवरेज पर 23.36 लाख, गांव शहजादपुर के पानी की आपूर्ति व सीवरेज पर 23.63 लाख रुपये, अंबाला के गांव तंडवाल में मौजूदा पुरानी एसी/पीवीसी जलापूर्ति लाइनों को बदलने व डी.आई बिछाने पर 23.94 लाख रुपये और यमुनानगर के गांव तेवर में जल आपूर्ति पाइप लाइन पर 24.97 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं पंचकूला के (धानी) में जल आपूर्ति पाइप लाइनें और अंबाला के तोका गांव में (एफएचटीसी) जल आपूर्ति पर लाइनों पर 21.98 लाख रुपये, अंबाला मोहरा गांव में एसी/पीवीसी की पुरानी जल आपूर्ति पाइप लाइन को बदलने पर 91.16 लाख रुपये, पंचकूला के टोडा गांव में जल आपूर्ति की लाइनें बिछाने पर 22.36 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि यमुनानगर के ब्लाक प्रताप नगर पूर्ण सीवरेज सुविधा और एसटीपी के निर्माण पर 23.87 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।